## अगस्त 2026 के महत्वपूर्ण प्रयास...

✻ जिलाधीश–श्रीमती रुचिका चौहान एवं आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, मुरार अग्निकांड की जाँच किए जाने एवं प्रभावित व्यापारियों को राहत दिए जाने सहित फायर ब्रिगेड की लापरवाही की जाँच कर, दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही किए जाने की माँग की गई ।

✻ प्रभारी मंत्री–माननीय श्री तुलसी सिलावट, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल एवं कलेक्टर–ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, बिक्री फैक्ट्री चौराहा से चेतकपुरी तक के सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की माँग की गई ।

✻ प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री–डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर में सिटी बस सेवा प्रारम्भ करने की माँग की गई ।

✻ सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह को पत्र प्रेषित कर, ट्रान्सपोर्ट नगर की मुख्य सड़क का शेष कार्य पूर्ण कराने सहित अन्य सड़कों के निर्माण हेतु भी पर्याप्त धनराशि की स्वीकृति प्रदान कराने की माँग की गई ।

✻ प्रमुख सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, म. प्र. को मध्यप्रदेश विधिक मापविज्ञान नियम–2011 में प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्तियाँ एवं सुझाव प्रेषित किए गए ।

✻ आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'चेम्बर भवन' के पीछे स्थित गली को अतिक्रमण से मुक्त कर, सफाई कराए जाने की माँग की गई ।

✻✻✻✻✻